पाठ – 6

लड़का – लड़की (लिंग)

लिंग – जिन शब्दों से लड़का या लड़की होने का पता चलता है उन्हें लिंग कहते है।
लिंग दो प्रकार के होते है।

1. पुल्लिंग 2. स्त्रीलिंग

पुल्लिंग – पुल्लिंग शब्दों का प्रयोग लड़कों (पुरूष) के लिए किया जाता है।
स्त्रीलिंग – स्त्रीलिंग शब्दों का प्रयोग लड़कियों (स्त्री) के लिए किया जाता है।

अभ्यास

1. नीचे लिखे शब्दों में से स्त्रीलिंग शब्द पर गोला O लगाइए –

आदमी	बकरी	घोड़ी	नाना	चाची
माता	पिता	चूहिया	गाय	बैल
मुरगी	मोर	दादी	मोरनी	औरत

2. मिलान कीजिए –

घोड़ा	रानी
लड़का	शेरनी
शेर	घोड़ी
राजा	चुहिया
चूहा	लड़की

3. नीचे दिए गए शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए –

(क) बेटी – बेटा
(ख) राजा – रानी
(ग) गाय – बैल
(घ) मौसा – मौसी
(ड.) मुरगा – मुरगी

पेज नं. – 30 व 31 के पुल्लिंग व स्त्रीलिंग शब्द याद करना व लिखना है।